अध्याय 3

# राष्ट्रीय एवं खेल समसामयिकी

## इस अध्याय में आप सीखेंगे किः

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक, सामाजिक, खेल जगत, वैज्ञानिक, साहित्यिक सांस्कृतिक, आदि विभिन्न क्षेत्रों में कौन-कौन से पुरस्कार दिए जाते हैं।
- किस वर्ष, किस व्यक्ति एवं संगठन को किस उद्देश्य से किस देश द्वारा पुरस्कार दिए गए।
- इसके साथ-साथ राष्ट्रीय समसामयिक गतिविधियों, प्रतिष्ठित व्यक्तित्व एवं संस्थाओं की जानकारी।

**तालिका 3.1: निर्वाचित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनसे संबंधित विशेष तथ्य (2017-18)**

| व्यक्ति | पद | देश | राजधानी | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|---|
| • रामनाथ कोविंद | राष्ट्रपति | भारत | नई दिल्ली | • 15वें राष्ट्रपति (व्यक्तिगत गणना की दृष्टि से 14वें राष्ट्रपति) के रूप में 25 जुलाई, 2017 को रामनाथ कोविंद ने देश के नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। राष्ट्रपति के चुनाव में मीरा कुमार उनकी प्रतिद्वन्दी थीं |
| • एम. वैंकैया नायडू | उप राष्ट्रपति | भारत | नई दिल्ली | • 15वें उप राष्ट्रपति, परन्तु संख्या की दृष्टि से 13वें उप राष्ट्रपति हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव में उनके प्रतिद्वन्दी गोपाल कृष्ण गांधी थे। |
| • एमर्सन नानगाम्वा | राष्ट्रपति | जिम्बाब्वे | हरारे | • 37 वर्ष से जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति रहे राबर्ट मुगाबे (आयु 93 वर्ष) का स्थान एमसर्न नानगाम्वा ने लिया है। ज्ञातव्य हो कि जिम्बाब्वे में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद रोबर्ट मुगाबे को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के लिये मजबूर होना पड़ा था। |
| • डोनाल्ड ट्रम्प | राष्ट्रपति | अमेरिका | वाशिंगटन डी.सी. | • डोनाल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी, 2017 को अमरीका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में अपनी प्रतिद्वन्दी **हिलेरी क्लिंटन** को हराकर विजय हासिल की। |

*(Continued)*

**तालिका 3.1: निर्वाचित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनसे संबंधित विशेष तथ्य *(Continued)***

| व्यक्ति | पद | देश | राजधानी | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|---|
| • उहुरू केन्याट्टा | राष्ट्रपति | केन्या | नैरोबी | • 28 नवम्बर 2017 को राजधानी नैरोबी में केन्या के दूसरे 5 वर्षीय कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की। उहुरू केन्याट्टा के पिता जोमो केन्याट्टा 1964 में केन्या के पहले राष्ट्रपति बने थे। |
| • व्लादिमीर पुतिन | राष्ट्रपति | रूस | मॉस्को | • रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 19 मार्च 2018 को सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव में 76.67 प्रतिशत मतों के साथ जीत दर्ज की। यह राष्ट्रपति के रूप में उनका चौथा कार्यकाल है।<br>***नोट***—पुतिन वर्ष 2000 में पहली बार राष्ट्रपति बने थे। |
| • विद्या देवी भण्डारी | राष्ट्रपति | नेपाल | काठमांडू | • नेपाल की पहली महिला राष्ट्रपति (2015 में पहली बार) विद्या देवी भण्डारी 13 मार्च, 2018 को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनी गयीं। वह वाम दलों के गठबंधन की उम्मीदवार थीं, उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार कुमारी लक्ष्मी राय (नेपाल कांग्रेस की उम्मीदवार) को शिकस्त दी। |
| • शिंजो आबे | प्रधानमंत्री | जापान | टोकियो | • यह शिंजो आबे का तीसरा कार्यकाल है। चुनाव के दौरान टायफून नामक तूफान आने के कारण मात्रा 54% ही मतदान हो पाया। |
| • शी जिन्पिंग | राष्ट्रपति | चीन | बीजिंग | • यह जिन्पिग का राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल है। हालांकि वर्ष 2018 में चीन ने अपने संविधान में संशोधान कर उन्हें आजीवन राष्ट्रपति बने रहने का अधिकार दिया है।<br>***नोट***—वह माओ त्से-तुंग के बाद ऐसे पहले अध्यक्ष हैं, जिनके कार्यकाल की कोई सीमा नहीं। |
| • एंजेला मर्केल | चांसलर | जर्मनी | बर्लिन | • जर्मनी की संसद ने 14 मार्च, 2018 को चौथी बार एंजेला मर्केल को चांसलर नियुक्त किया। |
| • हलिमाह याकूप | राष्ट्रपति | सिंगापुर | सिंगापुर सिटी | • 14 सितम्बर 2017 को सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं। वह देश की पहली मुस्लिम महिला राष्ट्रपति भी है। |
| • महात्तिर मोहम्मद | प्रधानमंत्री | मलेशिया | क्वालालम्पुर | • 7वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले विश्व के सबसे उम्रदराज प्रधानमंत्री है। |

**तालिका 3.2: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीयों की नियुक्तियाँ**

| नाम | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • दलवीर सिंह भण्डारी | अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के जज | • अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के लिए न्यायाधीश पद का चुनाव यूएन मुख्यालय न्यूयार्क में सम्पन्न कराया गया। जहाँ दलबीर सिंह भण्डारी का मुकाबला ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ग्रीनवुड से था। भण्डारी को 193 मतों में 183 मत व यू एन की सुरक्षा परिषद के सभी 15 वोट मिले। इस प्रकार वे लगातार 2 बार चुने गये। उनका कार्यकाल 2018-2027 तक होगा। |
| • नीरू चड्ढ़ा | • इण्टरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द लॉ ऑफ द सी में न्यायाधीश निर्वाचित | • भारत की अंतरराष्ट्रीय विधि विशेषज्ञ नीरू चड्डा को 14 जून 2017 को संयुक्त राष्ट्र की न्यायिक संस्था **'इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द ला ऑफ द सी'** में न्यायाधीश निर्वाचित किया गया है। इसके लिए हुए चुनाव में नीरू चड्ढा को एशिया प्रशान्त समूह में सर्वाधिक मत मिले और उन्होंने पहले चरण में ही चुनाव जीत लिया। नीरू चड्ढा इस 21 सदस्यीय ट्रिब्यूनल में स्थान पाने वाली **पहली भारतीय महिला न्यायाधीश** है। |

*(Continued)*

| नाम | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • उर्जित पटेल | बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेट्लमेण्ट (BIS) के 'वित्तीय स्थिरता संस्थान' की सलाहकारी परिषद में नियुक्त | • बीआईएस एक वैश्विक वित्तीय संगठन है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के केन्द्रीय बैंकों का एक संगठन है। इस संगठन के वित्तीय स्थिरता संस्थान (Financial Stability Institute Advisory Board) नामक सलाहकारी परिषद, देशों की वित्तीय प्रणाली के नियंत्रण हेतु सुझाव देती है। |
| • शक्तिकांत दास | जी–20 में भारत का नया शेरपा नियुक्त | • शेरपा वार्षिक जी–20 शिखर सम्मेलन में किसी राष्ट्रीय सरकार का प्रतिनिधि होता है। |
| • डॉ. सौम्या | विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की उप महानिदेशक | • संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का यह दूसरा सबसे बड़ा पद है। डॉ. सौम्या एक बाल रोग विशेषज्ञ है, जो भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की महानिदेशक हैं। भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन की पुत्री हैं। |

## प्रमुख राष्ट्रीय पदों पर नियुक्तियाँ

### तालिका 3.3: क्षेत्र: आर्थिक

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • बद्री नारायण शर्मा | राष्ट्रीय मुनाफाखोरी विरोधी प्राधिकरण | चेयरमैन | • केन्द्रीय मंत्रीमण्डल की नियुक्ति समिति ने 28 नवम्बर 2017 को जीएसओ के अन्तर्गत नवगठित राष्ट्रीय मुनाफाखोरी विरोधी प्राधिकारण का **पहला चैयरमैन** नियुक्त किया है। बद्री नारायण शर्मा को इस पद पर सरकार के **सचिव का रैंक** और वेतन प्राप्त होगा। |
| • अनुब्रत बिस्वास | एयरटेल पेमेंट बैंक | एमडी, सीईओ | • 24 मई, 2018 को एयरटेल पेमेण्ट्स बैंक का एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया। |
| • सन्दीप बक्शी | आईसीआईसीआई बैंक | सीओओ | • सीईओ को सहायता प्रदान करने के लिए सीओओ का पद सृजित किया गया है। ऐसा करने का कारण इस बैंक की सीईओ चन्द्रा कोचर का विवादों में आना है। |
| • हसमुख अधिया | | सेंट्रल फाइनेंस सचिव | • 6 नवम्बर 2017 को केन्द्रीय वित्त सचिव नियुक्त किया गया। हसमुख अधिया को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण जाना जाता है। |
| • सुरेश सेठी | इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) | एमडी और सीईओ | • 23 अक्टूबर 2017 को इस पद हेतु नियुक्त किया गया। उनके नाम की अनुशंसा बैंक बोर्ड ब्यूरो द्वारा की गयी थी। इस पद पर नियुक्त होने से पहले सुरेश सेठी ने सिअी ग्रुप, यस बैंक तथा वोडाफोन, एम–पेसा आदि संस्थाओं में प्रमुख पदों पर कार्य किया है। |
| • ऊषा अनंत सुब्रह्मण्यन् | इंडियन बैंक एसोसिएशन | प्रबन्ध निदेशक | • 7 अक्टूबर 2018 को पद भार ग्रहण किया। |
| • ए.बी. पाण्डेय | वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) | अंतरिम चेयर मैन | • जीएसटीन की स्थापना 28 मार्च 2013 को की गयी थी। यह एकीकृत कर–व्यवस्था के लिए पंजीकरण आईओ सुविधाएं तथा कर रिटर्न दाखिल करने के लिए पोर्टल उपलब्ध कराती है। |

*(Continued)*

**तालिका 3.3: क्षेत्रः आर्थिक *(Continued)***

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • ममता सूरी | भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड नीति आयोग | कार्यकारी निदेशक | • आईबीबीआई का गठन 1 अक्टूबर 2016 को किया गया। |
| • राजीव कुमार | नीति आयोग | उपाध्यक्ष | • 6 अगस्त 2017 को अरविन्द पनगढिया का स्थान ग्रहण किया |
| • राशेर शाह | भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ (FICCI) | अध्यक्ष | • 1927 मे स्थापित फिक्की का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। यह भारत का सबसे बड़ा और सबसे पुराना शीर्ष व्यावसायिक संगठन है, जो एक गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठन है। |
| • रिशद प्रेम जी | नेशनल एसोसिएशन ऑफ साफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) | चेयरमैन | • रिशद प्रेम जी विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेम जी के पुत्र हैं और हावर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। |
| • सेतुरत्नम रवि | बाम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज (BES) | अध्यक्ष | • 13 नवम्बर 2017 को धीरेन्द्र स्वरूप का स्थान ग्रहण किया। बीएसई 1875 में एशिया में स्थापित होने वाला पहला स्टॉक एक्सचेंज है। |
| • एन.के. सिंह | वित्त आयोग | अध्यक्ष | • 28 नबमबर 2017 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने एन.के. सिंह को 15वें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। |
| • बिबेक देवरॉय | प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद | अध्यक्ष | • वृहद आर्थिक महत्व के मुद्दों पर प्रधानमंत्री को सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन प्रधानमंत्री मोदी ने सितम्बर 2017 में किया है। |
| • उर्जित पटेल | भारतीय रिजर्व बैंक | गवर्नर | • 24वें गवर्नर के रूप में 4 सितम्बर 2016 को रघुराम राजन के स्थान पर कार्यभार संभाला। |
| • भानू प्रताप शर्मा | बैंक बोर्ड ब्यूरो | चेयरमैन | • विनोद राय का कार्यकाल 31 मार्च, 2018 को समाप्त हो गया। भानू प्रताप शर्मा ने उनका स्थान लिया है। |
| • महेश कुमार जैन | आरबीआई | डिप्टी गवर्नर | • 31 जुलाई, 2017 को एस.एस. मुन्द्रा के सेवानिवृत्त होने पर आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का पद रिक्त था। |
| • सुधा बालकृष्णन | आरबीआई | सीएफओ | • आरबीआई की पहली मुख्य वित्तीय अधिकारी बनी। आरबीआई में पहली बार सीएफओ की नियुक्ति की गयी है। उर्जित पटेल के आरबीआई गवर्नर बनने के बाद से यह आरबीआई में सबसे बड़ा संगठनात्मक बदलाव है। |

**तालिका 3.4: क्षेत्रः विधि जगत**

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) | कार्यकारी निदेशक | • नाल्सा के प्रमुख संरक्षक भारत के मुख्य न्यायाधीश होते है। |
| • न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे | कावेरी जल विवाद अधिकरण | अध्यक्ष | • सरकार द्वारा नियुक्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मनोहर सप्रे ने न्यायमूर्ति बलबीर सिंह चौहान के स्थान पर पद ग्रहण किया। |

*(Continued)*

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा | - | भारत के मुख्य न्यायाधीश | • देश के **45वें मुख्य न्यायाधीश है।** उन्होंने न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर का स्थान लिया। |
| • राजीव महर्षि | - | सीएजी | • 25 सितम्बर 2017 को देश के 13 वें कैग का पद्भार संभाला। कैग की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के आधार पर की जाती हैं। कैग द्वारा दी गयी रिपोर्ट का अध्ययन संसद की लोक लेखा समिति करती है। |
| • आर. के. अग्रवाल | राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग (NCDRC) | अध्यक्ष | • सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज आर.के. अग्रवाल ने 29 मई, 2018 को जस्टिस डी.के. जेन का स्थान लिया। एनसीडीआरसी भारत में एक अर्द्ध न्यायिक आयोग है, जिसकी स्थापना 1988 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत की गई। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। |
| • ओम प्रकाश रावत | - | मुख्य चुनाव आयुक्त | • 23 जनवरी 2018 को अचल कुमार ज्योति का स्थान ग्रहण किया। ओ.पी. रावत **22वें** मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त हुए है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्तों का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु इसमें जो पहले है। |
| • अनिरूद्ध राजपूत | अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग | सदस्य | • भारतीय वकील अनिरूद्ध राजपूत 3 नवम्बर 2016 को जेनेवा स्विट्जरलैण्ड स्थित अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग में चयनित 34 सदस्यों (कार्यकाल 5 वर्ष) में से एक है। उन्होंने 9 एशियाई प्रत्याशियों को हराकर एशिया प्रशान्त समूह में सबसे ज्यादा मत हासिल कर यह सदस्यता प्राप्त की। |
| • न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर | महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण | अध्यक्ष | • जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा 12 मार्च, 2018 को गठित इस न्यायाधिकरण का मुख्यालय दिल्ली में है। उड़ीसा सरकार द्वारा मुकदमे में 23 जनवरी, 2018 को सुप्रीमकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश के बाद इस न्यायाधिकरण का गठन किया गया। |
| • इन्दु मल्होत्रा | सर्वोच्च न्यायालय | जज | • इन्दु सीधे जज बनने वाली पहली महिला वकील हैं। |

**तालिका 3.5ः क्षेत्रः सुरक्षा, विज्ञान, तकनीक व प्रौद्योगिकी**

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • एस. सोमनाथ | विक्रम सारा भाई स्पेस सेण्टर (ISRO) (तिरूवनन्तपुरम, केरल) | निदेशक | • विक्रम साराभाई स्पेस, इसरो का सबसे बड़ा सर्वाधिक महत्वपूर्ण केन्द्र है, जहाँ रॉकेट, प्रक्षेपण यान और कृत्रिम उपग्रहों का निर्माण तथा सम्बन्धित तकनीक का विकास किया जाता है। |
| • आलोक कुमार वर्मा | केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) | निदेशक | • 19 जनवरी 2017 को दिल्ली पुलिस आयुक्त आलोक कुमार ने अनिल सिन्हा के स्थान पर पद ग्रहण किया।<br>• सीबीआई (1941) भारत सरकार के कार्मिक, पेंशन एवं शिकायत मंत्रालय के कार्मिक विभाग के तहत कार्य करती है। |

*(Continued)*

**तालिका 3.5: क्षेत्र: सुरक्षा, विज्ञान, तकनीक व प्रौद्योगिकी *(Continued)***

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • सुदीप लखटकिया | राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) | महानिदेशक | • इस पद पर एस. पी. सिंह 31 जनवरी-2018 को सेवानिवृत हुए, उनका स्थान ग्रहण किया, वे एनएसजी के 30वें महानिदेशक हैं।<br>**नोट :** एनएसजी को ब्लैक कैट कमाण्डो बल भी कहा जाता है। इसकी स्थापना 1984 में आतंकवाद से निपटने के लिए की गयी थी। यह गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। |
| • अनिल कुमार धस्माना | अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (RAW) | सचिव | • 1 जनवरी 2017 को पदभार ग्रहण किया।<br>• रॉ की स्थापना 21 सितम्बर 1968 को की गयी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। इसका आदर्श वाक्य है '**धर्मों रक्षति रक्षतः**' |
| • राजीव जैन | आसूचना ब्यूरो (IB) | निदेशक | • 1 जनवरी 2017 को पदभार ग्रहण किया।<br>• यह विभाग गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है। |
| • रजनीकांत मिश्रा | सशस्त्र सीमा बल | महानिदेशक | • 18 सितम्बर 2017 को रजनीकांत मिश्रा ने अर्चना रामसुन्दरम का स्थान ग्रहण किया। सशस्त्र सीमा बल देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल का हिस्सा है। |
| • वाई.सी. मोदी | राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) | महानिदेशक | • 17 सितम्बर 2017 को वाईसी मोदी ने शरद कुमार का स्थान लिया। |
| • यू. कामाची मुदाली | भारी जल बोर्ड | सीईओ | • 1 सितम्बर 2017 को पद ग्रहण किया। भारी जल बोर्ड, परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत एक औद्योगिक इकाई है। यह बोर्ड भारी जल ($D_2O$) के उत्पादन के लिए उत्तरदायी है जिसका उपयोग नाभिकीय रिएक्टर्स में माड्युरेटर तथा कूलेण्ट के रूप में किया जाता है। |
| • राकेश कुमार वत्स | राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) | अध्यक्ष | • एनपीपीए भारत सरकार की एक नियामक एजेन्सी है, जो देश में फार्माक्यूटिकल दवाओं का मूल्य निर्धारण करती है। इसकी स्थापना 29 अगस्त, 1997 को हुई थी। |
| • के. सिंवान | इसरो | चेयरमैन | • डॉ के सिवान रॉकिट प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ है। इस पद पर उन्होंने ए.एस. किरण कुमार का स्थान जनवरी, 2018 में लिया।<br>**नोट :** डॉ.के. सिवान इसरो के 9वें चेयरमैन हैं। |

**तालिका 3.6: क्षेत्र: फिल्म, कला एवं खेल**

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • शेखर कपूर | 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समिति | अध्यक्ष | • शेखर कपूर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए फिल्मों का आकलन करने वाली जूरी के अध्यक्ष हैं। |
| • विवेक गोयनका | भारतीय प्रैस ट्रस्ट | अध्यक्ष | • 07 सितम्बर 2017 को रियाद मैथ्यू का स्थान लिया। |
| • नरिंदर बत्रा | भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) | अध्यक्ष | • 14 दिसम्बर, 2017 को इसका अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व नरिंदर बत्रा अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष थे। |
| • रवि शास्त्री | भारतीय क्रिकेट टीम | कोच | • पूर्व कप्तान रवि शास्त्री 2017 को इस पद के लिये चुने गये। |

*(Continued)*

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • प्रवीन महाजन | अखिल भारतीय टेनिस एसोसिएशन | पहली महिला अध्यक्ष | • प्रवीन महाजन ने अनिल खन्ना का स्थान लिया। |
| • इन्दिरा नूयी | अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउसिंल (आईसीसी) | स्वतंत्र निदेशक | • भारतीय मूल की इन्दिरा नूयी आईसीसी में **पहली महिला स्वतंत्र निदेशक** होंगी। उनका कार्यकाल जून 2018 को में प्रारम्भ होगा। |
| • ओंकार सिंह | एशियाई साइकिलिंग परिसंघ | महासचिव | • 17 सितंबर 2017 को इस पद पर नियुक्त होने वाले ओंकार सिंह भारतीय साइकिलिंग संघ के महासचिव भी हैं। |
| • अनुपम खेर | भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) | अध्यक्ष | • 4 मार्च 2017 को गजेन्द्र चौहान का स्थान लिया। गजेन्द्र चौहान की नियुक्ति 2015 में हुई थी। |
| • नीलम कपूर | स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) | महानिदेशक | • 07 फरवरी 2018 से अपना कार्यभार संभाला है। |
| • प्रसून जोशी | केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) | अध्यक्ष | • केन्द्र सरकार द्वारा 11 अगस्त 2017 को नियुक्त किये गये। 1952 में स्थापित इसका मुख्यालय मुम्बई में है। |
| • सितांशु कर | प्रैस सूचना ब्यूरो (PIB) | महानिदेशक | • 1 मई, 2018 से वे फ्रैंक नोरोन्ह का स्थान लेंगे। |
| • हिमान्त बिस्वा सरमा | भारतीय बैडमिंटन ऐसासिएशन (BAI) | अध्यक्ष | • पूर्व अध्यक्ष अखिलेश दास गुप्ता के निधन के बाद निर्विरोध 4 वर्ष के कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किये गये। |

**तालिका 3.7: क्षेत्र: अन्य**

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • नन्द कुमार साईं | 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समिति | अध्यक्ष | छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता व पूर्व सांसद हैं, नन्द कुमार साईं को इस पद के लिए नियुक्त किया गया। |
| • मंगू सिंह | भारतीय प्रैस ट्रस्ट | अध्यक्ष | – |
| • विनय मित्तल | भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन | अध्यक्ष | – |
| • प्रदीप सिंह खरोला | एयर इंडिया | सीएमडी | 11 दिसम्बर, 2017 को राजीव बंसल का स्थान ग्रहण किया। इस समय एयर इण्डिया 50 हजार करोड़ रूपये से अधिक के कर्जे में डूबी हुई है। |
| • एच.एल. दत्तू | राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग | अध्यक्ष | दत्तू सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। |
| • अश्वनी लोहानी | Railway Board | अध्यक्ष | 23 अगस्त 2017 को पद ग्रहण किया। |

*(Continued)*

तालिका 3.7: क्षेत्रः अन्य *(Continued)*

| नियुक्त व्यक्ति का नाम | संस्था | पद | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • शुभांगी स्वरूप | भारतीय नौसेना | पायलट | 23 अगस्त 2017 को उत्तर प्रदेश की बरेली जिले की शुभांगी को नौसेना में पायलट पद पर नियुक्त किया है तथा वह भारतीय नौसेना में पायलट बनने वाली **पहली महिला** है। |
| • डॉ. चन्द्रशेखर काबर | साहित्य अकादमी | अध्यक्ष | डॉ. चन्द्रशेखर कन्नड के प्रसिद्ध साहित्यकार, नाटक लेखक है। वे डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी के स्थान पर फरवरी 2018 से 2022 तक इस पद के लिए अपनी सेवाएं देंगे। उन्हें साहित्य एवं नाट्क के क्षेत्र में योगदान के लिए-**साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञान पीठ पुरस्कार, कबीर सम्मान, कालीदास सम्मान, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।** |
| • उत्तम पचारने | ललित कला अकादमी | स्थायी अध्यक्ष | उत्तम पचारने की नियुक्ति राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की। |
| • विनीत जोशी | नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) | महानिदेशक एवं सी.ई.ओ. | एनटीए का गठन उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन के लिए किया है तथा विनीत जोशी इसके पहले महानिदेशक व सीईओ हैं। इनका कार्यकाल 5 वर्षों के लिए है।<br>**नोट :** एनटीए के गठन का निर्णय केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 10 नवम्बर, 2017 की बैठक में लिया था। |
| • के. विजय राघवन | – | केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार | केन्द्र में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का पद 1999 में अटल बिहारी सरकार के कार्यकाल में सृजित किया गया था। |
| • दिनेश अरोड़ा | आयुष्मान भारत योजना | निदेशक | बजट 2018-19 में घोषित इस योजना में देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को 5 लाख रूपये तक के इलाज कराने की सुविधा दी गयी है। |

तालिका 3.8: क्षेत्रः प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मेलन

| सम्मेलन | तिथि/स्थान | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • 9वाँ ब्रिक्स सम्मेलन 2017<br>***नोट***—10 वाँ ब्रिक्स सम्मेलन 2018 में जोहान्सबर्ग दक्षिण अफ्रीका में होना प्रस्तावित है। | 03-07 सितम्बर-2017<br>शियामेन शहर (चीन) | • **थीम:** 'उज्जवल भविष्य के लिए ठोस भागीदारी'<br>• **घोषणा पत्र:** 43 पृष्ठ का शियामेन घोषणा पत्र।<br>• ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समानान्तर चीन द्वारा आयोजित कार्यक्रम, 'ब्रिक्स: उभरते बाजार और विकासशील देश संवाद' को प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया और दुनिया में बदलाव का 10 सूत्रीय संकल्प पेश किया जिसमें शामिल 10 सूत्र थे:- 1. सुरक्षित विश्व 2. हरित विश्व का निर्माण 3. सक्षम विश्व का निर्माण 4. डिजिटल दुनिया बनाना 5. कौशल विश्व निर्माण को युवा प्रशिक्षण 6. न्याय संगत विश्व 7. स्वस्थ विश्व का निर्माण 8. बराबरी की दुनिया 9. दुनिया को आपस में जोड़े रखने के लिए संचार सम्पर्क 10. सामंजस्यपूर्ण दुनिया के निर्माण से सबका विकास। |

*(Continued)*

| सम्मेलन | तिथि/स्थान | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन | 04 जून 2018 प्रिटोरिया, दक्षिण अफ्रीका | • इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने किया। इस बैठक की मनी लॉड्रिंग, आतंकवाद गुटों का वित्त पोषण तथा कट्टरपंथ पर विचार किया गया। |
| • 17वाँ गुटनिरपेक्ष देशो (NAM) का सम्मेलन 2016<br>*नोट*—इस सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक 4 वर्ष बाद होता है। | 17–18 सितम्बर, 2016 मार्गारिता द्वीप, वेनेजुएला | • **सम्मेलन की थीमः विकास के लिए शांति, संप्रभुता और एकता।**<br>• **महत्वपूर्ण तथ्यः** इस सम्मेलन में भारत का नेतृत्व तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया।<br>• वर्ष 2018–19 की अवधि हेतु गुटनिरपेक्ष आंदोलन की अध्यक्षता का अवसर वेनेजुएला को मिला है।<br>**नोटः**<br>• भारत, गुटनिरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक सदस्य है।<br>• 'नाम'के कुल सदस्य हैं:-<br>अफ्रीका महाद्वीप से – 53 देश<br>एशिया महाद्वीप से – 39 देश<br>यूरोप महाद्वीप से – 2 देश<br>लैटिन अमेरिका व कैरबियन देशों से – 26 देश<br>कुल देश – 140 |
| • 7वाँ हार्ट ऑफ एशिया कांफ्रेंस 2017 | 1 दिसम्बर, 2017 अजरबैजान | • इसमें शामिल कुल 14 देश है- अफगानिस्तान, अजरबैजान, चीन, भारत, ईरान, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, तजाकिस्तान, तुर्की, तुर्कमेनिस्तान और यूएई। |
| • 12वॉ पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन 2017 | 13–14 नवम्बर, 2017 मनीला, फिलीपीन्स | • इस सम्मेलन में आसियान के 10 देशों के साथ 8 वार्ता भागीदार देश भारत, अमेरिका, रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड एवं दक्षिण कोरिया भाग लेते हैं।<br>• वर्ष 2005 में कुआलालामपुर (मलेशिया) में आयोजित आसियान सम्मेलन में 'पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन' की शुरूआत की गयी थी और तब से आसियान सम्मेलन के साथ ही इस शिखर सम्मलेन का भी आयोजन किया जाता है। |
| • 12 वाँ जी–20 शिखर सम्मेलन 2017<br>*नोट*—13वाँ शिखर सम्मेलन अर्जेन्टीना में होना प्रस्तावित है। | 01–08 जुलाई, 2017 हैम्बर्ग जर्मनी | • जी–20 (19 देश एवं यूरोपीय संघ) इस सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मुलाकात हुई। भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें भाग लिया। |
| • 14वाँ यूएनसीटीएडी सम्मेलन 2016<br>*नोट*—इस सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक 4 वर्ष बाद होता है। | 17–22 जुलाई, 2016 नैरोबी, केन्या | • **सम्मेलन का विषयः** एजेण्डा 2030 निर्णयों को कार्यवाही में परिवर्तित करना।<br>• यूएनसीटीएडी की स्थापना 1964 में विकासशील देशों के आर्थिक विकास से सम्बन्धित चुनौतियों एवं अवसरों पर चर्चा हेतु मंच के रूप में की गयी थी। यह व्यापार, निवास एवं विकास के मुद्दों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र का मुख्य अभिकरण है, जिसमें वर्तमान में 194 राष्ट्रसदस्य हैं। |

(Continued)

**तालिका 3.8: क्षेत्रः प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मेलन *(Continued)***

| सम्मेलन | तिथि/स्थान | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • 17वॉं एससीओ सम्मेलन 2017 | 08-09 जून, 2017<br>आस्तना, कजाकिस्तान | • इस सम्मेलन के अंत में आस्तना घोषणा पत्र जारी किया गया। |
| • 43वाँ जी-7 शिखर सम्मेलन 2017 | 26-27 मई, 2017<br>सिसली द्वीप (इटली) | • इस शिखर सम्मेलन के अंत में जी-7 समूह के सभी नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित '**टाओर्मिना घोषणा पत्र**' जारी किया गया।<br>• जी-7 शीर्ष औद्योगिक एवं विकसित देशों का समूह है। |
| • 14वाँ प्रवासी भारतीय 7-9 जनवरी, 2017 | 7-9 जनवरी, 2017<br>बैंगलुरू, कर्नाटक | • **मुख्य अतिथिः** डॉ. एण्टोनियो कोस्टा (पुर्तगाल के प्रधानमंत्री)<br>• वर्ष 2015 के 13वें प्रवासी भारतीय दिवस समागम में यह निर्णय लिया गया कि यह दिवस वृहद स्तर पर प्रत्येक दो वर्ष पर किया जायेगा। इसलिए जनवरी, 2016 में मात्र विदेश मंत्रालय स्तर पर नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया गया। अगला सम्मेलन 2019 में होगा।<br>• **वर्ष 2015 में प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय का विदेश मंत्रालय में विलय कर दिया गया।** |
| • युवा प्रवासी भारतीय दिवस 2017 | 7 जनवरी, 2017 | • **मुख्य अतिथिः** माइकल अश्विन सत्येन्द्र आधिन (उपराष्ट्रपति, सूरीनाम) |
| • पहला राष्ट्रीय महिला सांसद सम्मेलन 2017 | 10-12 फरवरी, 2017<br>अमरावती, आन्ध्र प्रदेश | • महिला सशस्त्रीकरण के उद्‌देश्य से सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नेपाल की पहली महिला राष्ट्रपति विद्यादेवी भण्डारी सहित अन्य महत्वपूर्ण लोगों ने भाग लिया। |
| • आईबीएसए (IBSA) विदेशी मंत्रियों की बैठक | 05 जून 2018 प्रिटोरिया, दक्षिण अरीका | • इस बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने की। बैठक के दौरान दक्षिण-दक्षिणी विकास पर विचार किया गया। बैठक के अंत में दक्षिण दक्षिण पर सहयोग पर आईबीएसए का घोषणा पत्र जारी किया गया। इसं संगठन की स्थापना 2003 में की गयी। |
| • 17वाँ अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन 2017 | 8-9 फरवरी, 2017<br>मानेसर, हरियाणा | • राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा आयोजित। |
| • 20वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेस सम्मेलन 2017 | 9-10 जनवरी विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश | • इलेक्ट्रिानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा आयोजित। |
| • आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन-2018 | 6-7 जनवरी-2018 सिंगापुर | • **थीमः** एन्शियन्ट रूट, न्यू जर्नीः डायस्पोरा इन the dynamics इंडिया-आसियान पार्टनरशिप |
| • आसियान-इंडियन डायलॉग रिलेशन, 2018 | 25 जनवरी 2018 नई दिल्ली | • **थीमः** शेयर्ड वैल्यू, कॉमन डेस्टिंग<br>• आसियान के साथ भारत की **वार्ता साझेदारी** 1992 को स्थापित हुई थी और इस साझेदारी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक '**स्मारक सम्मेलन**' का आयोजन 25 जनवरी 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। |

*(Continued)*

| सम्मेलन | तिथि/स्थान | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| | | ***नोट*—** <br>• वर्ष 2018 में आसियान-भारत के **वार्ता साझेदारी** के 25 वर्ष, **शिखर सम्मेलन** के 15 वर्ष तथा **सामरिक साझेदारी** के 5 वर्ष पूरे हुए हैं। <br>• आसियान के साथ वार्ता साझेदारी के 20 वर्ष पूर्ण होने पर एक स्मारक सम्मेलन का आयोजन 20 दिसम्बर 2012 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। |
| • 48वीं विश्व आर्थिक फोरम की वार्षिक बैठक, 2018 | 23-26 जनवरी 2018 दावोस स्विट्जरलैण्ड | • विश्व के प्रमुख राजनेताओं, अग्रणी उद्यमियों एवं बुद्धिजीवियों के इस सम्मेलन में भारतीय शिष्टमण्डल का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी ने किया। <br>***नोट*—**21 वर्ष पूर्व 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने इस मंच के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया था। |
| • अंतरराष्ट्रीय सौर गठबन्धन शिखर सम्मेलन-2018 | 11 मार्च 2018 | • 11 मार्च 2018 को राष्ट्रपति भवन में सम्पन्न। <br>• मेजबानी प्रधानमंत्री **मोदी** व फ्रांस के राष्ट्रपति **इमैन्युएल मैक्रान** ने की। <br>• आईएसए में फ्रांस, श्रीलंका, बांग्लादेश समेत 23 देशों के प्रतिनिधि, 10 देशों के मंत्री समेत, 121 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए तथा **यूएनओ के महासचिव एनटोनियो गुटरेस** ने भी भाग लिया। <br>• दो वर्ष के भीतर इस संगठन में 61 देश जुड़ चुके हैं। <br>• फ्रांस 2022 को आईएसए को 5,600 करोड़ का फण्ड देगा, जिसके जरिये 2030 तक 1,000 गीगावॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। इस बिजली की कुल कीमत 65 लाख करोड़ होगी। <br>***नोट*—इमैन्युएल मैक्रान** ने इस शिखर सम्मेलन में कहा कि वर्ष 2015 में अमेरिका ने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया, जिसके बाद यह गठबन्धन हमारी आगामी पीढ़ी के लिए हमारा महत्वपूर्ण कदम होगा। |
| • टिकाऊ जैव इंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2018 | 26 से 27 फरवरी 2018 नई दिल्ली | • **आयोजनः** जैव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा मिशन इनोवेशन और बायोफ्यूचर प्लेटफार्म द्वारा। <br>• **मिशन इनोवेशनः** दुनियाभर के 22 देशों और यूरोपीय देशों द्वारा वैश्विक स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा नवाचार को गति देने के लिए इस मिशन को शुरू किया गया। <br>• **महत्वपूर्ण तथ्यः** भागीदार देशों ने इस पहल के तहत 5 वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान एवं विकास पर निवेश को दोगुना करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को इस सम्मेलन में जाहिर किया। |

*(Continued)*

**तालिका 3.8: क्षेत्रः प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मेलन *(Continued)***

| सम्मेलन | तिथि/स्थान | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| • विश्व सूचना प्रौद्योगिकी सम्मेलन 2018 | 19-21 फरवरी 2018<br>हैदराबाद, भारत | • **उद्घाटन:** केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर द्वारा।<br>• **मुख्य आकर्षक:** विश्व की पहली मानव सदृश नागरिक सोफिया।<br>• **थीम:** भावी उद्यम (फ्यूचर एन्टरप्राइसिज़) |
| • प्रथम अंतर्राष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन 2018 | 23-24 जनवरी 2018<br>तिरूवनंतपुरम (केरल) | – |
| • प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन 2018 | 9 जनवरी 2018<br>नई दिल्ली | • प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा **प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन** का उद्घाटन किया।<br>• इस सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय विदेशी मंत्रालय द्वारा प्रवासी भारतीयों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए किया गया।<br>• इस सम्मेलन में 24 देशों के 134 सांसद और 17 मेयरो ने शिरकत की। इस सम्मेलन में सबसे बड़ा 20 सांसदो व 3 मेयरों का शिष्टमंडल गुयाना का था, उसके बाद त्रिनिदाद एवं टोबैगो का था।<br>• सम्मेलन का पत्र दो विषयवस्तुओं पर आधरित था–<br>(i) पीआईओ सांसद: संघर्ष से संसद तक की यात्रा<br>(ii) पुन: उभरता भारत: पीआईओ सांसदों की भूमिका |

**तालिका 3.9: प्रमुख समितियाँ/आयोग**

| समिति का नाम | अध्यक्ष | महत्वपूर्ण तथय |
|---|---|---|
| • रतन पी. वाटन समिति | रतन पी. वाटन (नीति आयोग में सामाजिक क्षेत्र हेतु मुख्य सलाहकार और पूर्व वित्त सचिव) | 26 अगस्त, 2016 को केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा देश में नकद हस्तांतरणों के स्थान पर कार्ड (डेबिट, क्रेडिट कार्ड) में माध्यम से भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया। |
| • ए.के. सिन्हा समिति | ए.के. सिन्हा (गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के सदस्य) | 1 सितम्बर, 2016 को केन्द्र सरकार ने बिहार में गंगा नदी में सिल्ट (गाद) का अध्ययन करने हेतु गठित। |
| • अमिताभ कांत समिति | अमिताभ कांत (नीति आयोग के सी.ई.ओ.) | • 10 अगस्त, 2016 को केन्द्र सरकार ने ई-कामर्स के नियमों में ढील देने से सम्बन्धित सुझाव देने हेतु समिति गठित की। |
| • मधुकर गुप्ता समिति | मधुकर गुप्ता (पूर्व गृह सचिव) | • अप्रैल, 2016 में गठित भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु। 29 अगस्त, 2016 को इस समिति ने अपनी रिपोर्ट गृहमंत्री राजनाथ सिंह को सौंपी। इस समिति ने गुजरात, राजस्थान, पंजाब व जम्मू की सीमाओं के अध्ययन के आधार पर स्थल सीमा के साथ नदियों की सामाओं पर निगरानी को सुधारने का सुझाव दिया है। |
| • अरविन्द सुब्रह्मण्यन् समिति | अरविन्द सुब्रह्मण्यन् (मुख्य आर्थिक सलाहकार) | • 12 जुलाई, 2016 को दलहन संकट से निपटने हेतु गठित। |

*(Continued)*

| समिति का नाम | अध्यक्ष | महत्वपूर्ण तथय |
|---|---|---|
| • विनोदराय समिति | विनोद राय (पूर्व नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक) | • 29 दिसम्बर, 2016 को रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने रेलवे की सुरक्षा प्रणालियों का आडिट करने एवं उनकी खामियों का पता लगाने के साथ सुरक्षा संगठन को सुदृढ़ करने के सुझाव देने हेतु गठित। |
| • टीवीएसएन प्रसाद समिति | – | इस समिति ने जम्मू कश्मीर में भीड़ नियंत्रण हेतु प्रयुक्त की जाने वाली पैलेट गनों के स्थान पर 'पावा गोलों' के प्रयोग की स्वीकृति दी।<br>***नोट***—पावा गोलों में पेलैरगोनिक एसिड वैनिलाइल एमाइड नामक कार्बनिक यौगिक का प्रयोग किया जाता है, जो मिर्च में पाया जाता है। यह गोला जैविक रूप से सुरक्षित व पेलेटगनों, जिसमें छर्रों का प्रयोग किया जाता है, से कहीं अधिक प्रभावी है। अश्रु गैस की तुलना में यह अधिक प्रभावी है। |
| • डी.एस. धेसी समिति | डी.एस. धेसी (मुख्य सचिव हरियाणा) | • हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में आरक्षण और अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे लोगों की समस्याओं के समाधान और उनकी मांगों पर विचार हेतु। |
| • के. कस्तूरीरंगन समिति | कस्तूरीरंगन | • नयी शिक्षा नीति हेतु गठित समिति। |
| • अरूमुगासामी जांच आयोग | ए. अरूमुगासामी (सेवानिवृत्त मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) | • तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की मृत्यु की जांच हेतु 25 सितम्बर 2017 तमिलनाडु सरकार द्वारा जांच आयोग का गठन। |
| • रोहणी आयोग | जी रोहणी (दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायरधीश) | • 2 अक्टूबर 2017 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के उपवर्गीकरण के परिक्षण हेतु आयोग गठित किया। |
| • नागमोहन दास समिति | – | • कर्नाटक में लिंगायत समुदाय को अलग धर्म का दर्जा देने की मांग पर विचर करने हेतु कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा गठित। |
| • वाई.एच. मालेगाम समिति | वाई.एच. मालेगाम (आरबीआई सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स के पूर्व सदस्य) | • 20 फरवरी, 2018 को आरबीआई द्वारा बैंकों में खराब ऋण, धोखा-धड़ियों के बढ़ते मामलों एवं ऑडिट की निगरानी हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। यह समिति बैंकों के एन.पी.ए. और उनके सम्बन्ध में किये गये पूंजी प्रावधानों के बीच भारी अंतर के कारणों की पड़ताल करेगी और इसे रोकने के उपाय भी सुझायेगी। इसके अलावा समिति बैंकों में धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ने के कारणों पर विचार करेगी तथा इसका दोहराव रोकने के लिए विभिन्न उपायों की सिफारिश करेगी। |

**तालिका 3.10: अन्य समितियाँ**

| समितियाँ | कार्य |
|---|---|
| विमल जालान समिति | बैकों को लाइसेन्स देने से संबंधित |
| विजय केलकर समिति | बुनियादी ढाचागत विकास के पीपीपी माडल पर |
| मुकुल मुदगल समिति | आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग की जांच |
| डॉ. बिबेक दबराय समिति | रेलवे में सुधारों के लिए |
| के.के. मेहरोत्रा समिति | भिलाई संयंत्र में गैस रिसने की घटना की जांच |
| नचिकेत मोर समिति | बैंक शाखाओं के विस्तार से संबंधित |
| एम.बी. शाह समिति | काले धन पर एसआईटी का गठन |
| माधव मेनन समिति | सरकारी विज्ञापनों के दुरूपयोग पर |
| लोहड़ा समिति | बीसीसीआई के सम्पूर्ण पुनर्गठन के लिए |
| अरविन्द सुबह्मण्यन् समिति | जीएसटी दरों के निर्धारण पर सुझाव देने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा गठित |
| विजय केलकर समिति | अप्रत्यक्ष कर सुधारों के लिए वर्ष 2000 में बाजपेयी सरकार द्वारा गठित |
| अमित मित्र | जीएसटी (GST) पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष |
| डॉ. राजीव कुमार | पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जल संसाधनों के उचित प्रबंध के लिए |
| अरूण जेटली | सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में सुधार व विलय प्रस्तावों पर विचार हेतु |

**तालिका 3.11: ब्रांड अम्बेसडर**

| नाम | ब्रांड अम्बेसडर/शुभंकर/दूत | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| कुंवर बाई | स्वच्छ भारत अभियान की शुभंकर (प्रतीक व्यक्ति) | • केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की 105 वर्षीय कुंवर बाई को प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के प्रतीक व्यक्ति (शुभंकर) के रूप में चुनकर उन्हें सम्मानित किया। जिन्होंने बकरियां बेचकर घर में शौचालय बनवाया।<br>***नोट***—23 फरवरी, 2018 को 106 वर्षीय कुंवर बाई का निधन हो गया। |
| नादिया मुराद बसी ताहा | ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) द्वारा सद्भावना दूत नियुक्त | • आतंकवादी संगठन आई.एस. की यौन दासता से मुक्त 23 वर्षीय ताहा को यूएनओडीसी ने मानव तस्करी से जीवित बचे लोगों की गरिमा के लिए अपना सद्भावना दूत नियुक्त किया।<br>***नोट***—यह प्रथम अवसर है जब अत्याचार की शिकार किसी महिला को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। |
| दीया मिर्जा | भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना राजदूत नियुक्त | • पूर्व मिस एशिया पैसिफिक, अभिनेत्री व पर्यावरणविद् दीया मिर्जा को 29 नवम्बर, 2017 को सद्भावना राजदूत नियुक्त की गयीं। |
| डॉ. बिंदेश्वर पाठक | स्वच्छ रेल मिशन के ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | • रेल मंत्रालय द्वारा नियुक्त |
| सचिन तेन्दुलकर | स्किल इंडिया अभियान के ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | • सचिन तेन्दुलकर भारतरत्न एवं क्रिकेटर है। |
| प्रियंका चोपड़ा | असम टूरिज्म की ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | बालीवुड अभिनेत्री को दो वर्षों के लिए राज्य का ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया गया। |

*(Continued)*

| नाम | ब्रांड अम्बेसडर/शुभंकर/दूत | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| प्रियंका चोपड़ा | युनिसेफ द्वारा वैश्विक सद्भावना दूत नियुक्त | • युनिसेफ (UNICEF) ने 11 दिसम्बर, 2016 को अपनी स्थापना का 70 वर्ष मनाया है। यह संगठन प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों का संरक्षण करता है, जिसका मुख्यालय न्यूयार्क (अमेरिका) में है। |
| श्याम शरण नेगी | निर्वाचन आयोग के ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | • स्वतंत्र भारत के प्रथम मतदाता 100 वर्षीय श्याम शरण नेगी (हिमाचल प्रदेश) भारत के सबसे अधिक आयु के मतदाता हैं। |
| एडविना | बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का नया चेहरा | • केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ की 7 वर्षीय पर्वतारोही एडविना को इस अभियान का नया चेहरा बनाया। |
| ए.आर. रहमान | सिक्किम राज्य के पहले ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | • आस्कर पुरस्कार विजेता ए.आर. रहमान को 8 जनवरी, 2018 को सिक्किम राज्य का ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया गया। |
| एश्ले जुड | संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की वैश्विक सद्भावना राजदूत | • हॉलीवुड अभिनेत्री एश्लेजुड ओडिशा यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिली थी। |
| शिल्पा शेट्टी | स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड अम्बेसडर | • बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने टी.वी. एवं रेडियों पर प्रचार कार्यों के जरिये लोगों को सड़को पर कचरा नहीं डालने के लिए प्रोत्साहित करेगी। |
| अमिताभ बच्चन व सचिन तेंदुलकर | स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड अम्बेसडर | • दोनों केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता अभियान को आत्मसात करने हेतु प्रेरित करेंगें। |
| अशोक अमृतराज | सतत विकास लक्ष्यों के लिए भारत में संयुक्त राष्ट्र के सद्भावना राजदूत | • अशोकअमृतराज हॉलीवुड फिल्म निर्माता एवं पूर्व टेनिस खिलाड़ी है। वह इस कार्यक्रम के तहत भारत में संयुक्त राष्ट्र के लिए नियुक्त पहले राजदूत है। |
| अनुष्का शर्मा | स्वच्छ भारत अभियान की ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त | • शहरी विकास मंत्रालय द्वारा अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी है। |

## तालिका 3.12: प्रमुख सांस्कृतिक सम्मेलन/मेले/महोत्सव

| सम्मेलन/मेले/महोत्सव | आयोजन स्थल | संबंधित तथ्य |
|---|---|---|
| • 105वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस 2018 | 16-18 मार्च 2018, इम्फाल मणिपुर में आयोजित | • प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन। इस सम्मलेन का मुख्य विषय 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के जरिए अगम्य तक पँहुच' *नोट*—18 मार्च, 2018 को **7वीं महिला विज्ञान कांग्रेस** का आयोजन इसी के साथ हुआ। |
| • 32वाँ सुरजकुंड हस्तशिल्प मेला 2018/अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला 2018 | 2-18 फरवरी, 2018 फरीदाबाद हरियाणा में आयोजित | • इस वर्ष मेले में **किर्गिस्तान** भागीदार देश और उ.प्र. थीम राज्य था। *नोट*—वर्ष 2013 से इसे अंतर्राष्ट्रीय मेले का रूप दिया गया था। |
| • 20वाँ अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह 2017 | 18-14 नवम्बर, 2017 हैदराबाद में आयोजित | • गोल्डेन एलीफेन्ट के नाम से जाना वाला यह समारोह तेलंगाना सरकार के सहयोग से भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी द्वारा किया गया। |

(Continued)

तालिका 3.12: प्रमुख सांस्कृतिक सम्मेलन/मेले/महोत्सव *(Continued)*

| सम्मेलन/मेले/महोत्सव | आयोजन स्थल | संबंधित तथ्य |
| --- | --- | --- |
| • 8वॉं थियेटर ऑलम्पिक्स 2018 | 17 फरवरी से 8 अप्रैल 2018 नई दिल्ली में आयोजित | • थियेटर ऑलम्पिक्स विश्व के उत्कृष्ट थियेटर ग्रुप्स का एक महोत्सव है।<br>• उद्घाटन: उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा।<br>• आयोजन: केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वाधान में इसका आयोजन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा किया गया था। |
| • 26वाँ विश्व पुस्तक मेला 2018 | 6-14 जनवरी-2018 नई दिल्ली प्रगति मैदान में आयोजित | • थीम: पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन<br>• भारत के अतिरिक्त 26 अन्य देशों के प्रकाशकों ने अपनी पुस्तकों का प्रदर्शन किया, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था।<br>***नोट***—नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला भारत का प्राचीन पुस्तक मेला (1972 में पहली बार प्रारम्भ) है। वर्ष 2012 के बाद से यह मेला प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। |
| • 22वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2018 | 12-16 जनवरी-2018 गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. मे आयोजित | • **थीम:** संकल्प से सिद्धि<br>• **आयोजन:** केन्द्र सरकार के युवा मामलों व खेल मंत्रालय द्वारा यह आयोजन उत्तरप्रदेश सरकार के सहयोग से किया गया। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के द्वारा किया था। |
| • 48वॉं अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2017 | 20-28 नवम्बर 2017 गोवा में आयोजित | • **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** 120 बीट्स पर मिनट (स्वर्ण मयूर व 40 लाख राशि का पुरस्कार) |
| • दिल्ली तपेदिक (टीबी) उन्मूलन शिखर सम्मेलन 2018 | 13 मार्च 2018 दिल्ली में आयोजित | • भारत में वर्ष 2025 तक टीबी रोग के उन्मूलन के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान की नयी राष्ट्रीय रणनीति योजना (NSP) की शुरूआत की।<br>• एनएसपी के तहत मरीजों की जांच, इलाज व समर्थन के लिए अगले तीन वर्षों में 12 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया।<br>• सम्मेलन में एशिया-अफ्रीका के 20 देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के अतिरिक्त हुए डब्ल्यू एचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेसस भी सम्मिलित हुए। |
| • 5वॉं विश्व उर्दू सम्मेलन | 24-26 मार्च 2018 नई दिल्ली | • **मुख्य विषय:** उर्दू संस्कृति और वर्तमान वैश्विक समस्याएं।<br>**आयोजनकर्ता:** राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद<br>**शामिल देश:** भारत के आलावा-यूएसए, बांग्लादेश, तुर्की, उज्बेकिस्तान और कतर सहित 18 देशों के उर्दू के विद्वानों, शायरों, पत्रकारों और उर्दू के जानकारों ने भाग लिया। |

## खेल जगतः एक दृष्टि

### तालिका 3.13ः क्रिकेट

| प्रतिस्पर्धा का नाम | स्थान | विजेता व उपविजेता | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • ब्लाइंड टी-20 विश्व कप 2017 | बेंगलूरू भारत में आयोजित | भारत ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता | • मैन आफ द सीरिज : बदर मुनीर (पाकिस्तान)<br>• भारतीय कप्तान: अजय कुमार रेड्डी<br>• भारत ने दूसरी बार यह खिताब जीता, पहली बार 2012 में जीता था।<br>• मैन आफ द मैच: प्रकाश जयराम्मैया (भारत)<br>• राहुल द्रविड इस प्रतियोगिता के ब्रांड थे।<br>• भारत के अतिरिक्त आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, इंग्लैण्ड, श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश व पाकिस्तान ने भाग लिया था।<br>***नोट***—ब्लाइंड टी-20 विश्व कप 2 बार आयोजित हुए हैं, दोनों बार ही मेजबान और विजेता भारत था, जबकि दोनों बार उपविजेता पाकिस्तान था। |
| • 5वाँ वर्ल्ड ब्लाइंड विश्वकप 2018 | पाकिस्तान व यू.ए.ई. द्वारा संयुक्त मेजबानी | भारत ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर विश्वकप जीता | • वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउन्सिल का गठन 1996 में हुआ था। जिसके तत्वाधान में 5 विश्वकप आयोजित हो चुके हैं।<br>• भारत व पाकिस्तान के अलावा 4 अन्य देशों की टीमों ने इस विश्व कप में भाग लिया-**श्रीलंका, बांग्लादेश, आस्ट्रेलिया, नेपाल।**<br>• शारजॉह में 20 जनवरी, 2018 को खेले गये फाइनल मैच में भारत ने लगातार पाकिस्तान को दूसरी बार हराकर खिताब अपने नाम किया।<br>• भारतीय टीम के कप्तान: अजय कुमार रेड्डी |
| • 84वाँ रणजी ट्रीफी 2017-18 | - | विजेता: विदर्भ (पहली बार) उपविजेता: दिल्ली | • 6 अक्टूबर 2017 से प्रारम्भ प्रथम श्रेणी की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 28 टीमों ने भाग लिया था।<br>• विदर्भ टीम के कप्तान: फैज फैजल।<br>• मैन ऑफ द मैच: रजनीश गुरबानी (विदर्भ)<br>***नोट***—रणजी ट्रॉफी टूर्नामेन्ट की शुरूआत 1934 में हुई। अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले भारतीय रणजीत सिंह के नाम पर इस ट्रॉफी की शुरूआत हुई।<br>सर्वाधिक रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीमें हैं: मुम्बई (41 बार), कर्नाटक (8बार), दिल्ली (7 बार), वडोदरा (7बार)। |
| • 12वाँ अण्डर-19 विश्वकप क्रिकेट 2018 | न्यूजीलैण्ड (13 जनवरी से 3 फरवरी 2018 तक में आयोजित) | भारत ने ऑस्टेलिया को 8 विकेट से हराकर विश्वकप जीता | • भारत ने चौथी बार यह विश्वकप जीता है, इससे पूर्व वर्ष 2000 में, वर्ष 2008 में व वर्ष 2012 में भारत यह खिताब जीत चुका है।<br>• भारतीय टीम के कप्तान: पृथ्वी शॉ<br>***नोट***—अण्डर-19 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट टीम में पृथ्वी शॉ के साथ 5 भारतीय खिलाड़ियों ने भी अपनी जगह बनायी है। |
| • 16वाँ विजय हजारे ट्रॉफी (2017-18) | - | कर्नाटक ने 42 रनों से स्वराष्ट्र को हराकर तीसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। | • बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीमित ओवर क्रिकेट श्रृंखला है। |

*(Continued)*

**तालिका 3.13: क्रिकेट *(Continued)***

| प्रतिस्पर्धा का नाम | स्थान | विजेता व उपविजेता | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| • ईरानी कप 2017–18 | 14–18 मार्च 2018 के बीच नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित | रणजी ट्रॉफी विजेता विदर्भ ने शेष भारत हो हराकर यह कप अपने नाम किया | • यह सीरीज **रणजी ट्रॉफी विजता टीम** और **शेष भारत** के बीच खेला जाता है।<br>• विदर्भ ने पहली बार यह खिताब अपने नाम किया है।<br>• प्लेयर ऑफ द मैच: वसीम जाफ़र (विदर्भ)<br>***नोट***—ईरानी कप की शुरूआत 1959–60 में हुई थी। |
| • 11वाँ आईपीएल 2018 | | 20–28 नवम्बर 2017 गोवा में आयोजित | • चेन्नई सुपर किंग्स ने तीसरी बार यह खिताब जीता।<br>• सर्वाधिक विकेट (पर्पल कैप): एण्ड्रयू टाई<br>• सर्वाधिक रन (ओरेंज कैप): केन विलियमसन |
| • 11वाँ आईसीसी महिला विश्वकप 2017 | | 13 मार्च 2018 दिल्ली में आयोजित | • इंग्लैण्ड ने चौथी बार यह खिताब जीता जबकि भारत वर्ष 2005 में भी उपविजेता रह चुका है। |

**तालिका 3.14: 21वाँ फीफा विश्व कप 2018**

| | | |
|---|---|---|
| • विजेता | – | फ्रांस |
| • उपविजेता | – | क्रोएशिया |
| • मेजबान देश | – | रूस (यूरोप) |
| • समयावधि | – | 14 जून से 15 जुलाई, 2018 |
| • कुल टीम | – | 32 |
| • 2014 की विजेता टीम | – | 1. जर्मनी (4 विजेता), 2. अर्जेन्टीना, 3. नीदरलैण्ड, 4. ब्राजील |
| • पहली बार शामिल होने वाले देश | – | आइसलैण्ड व पनामा |
| • अधिकारिक शुभंकर | – | जाबिवाका (Zabivaka) |
| • लोगो | – | खुले दिल से खेला (play with an open Heart) |
| • गेंद का नाम | – | टेलस्टार 18 (telstar 18) |
| • गोल्डन बॉल | | लुकामोड्रिक |
| • गोल्डन बूट | | हैरीकेन (इंग्लैंड) |
| • गोल्डन ग्लोव | | शिर्बोट कर्टोल्स |
| • 2022 में फीफा विश्व कप का आयोजन | – | कतर (एशिया) |

**तालिका 3.15: चर्चित क्रिकेट खिलाड़ी**

| क्रिकेट खिलाड़ी | चर्चा का कारण |
|---|---|
| • मोहित अहलावत | दिल्ली के फ्रैंड्स प्रीमियर लीग के मैच में 21 साल के मोहित अहलावत ने टी–20 मैच में 72 गेंदों पर तिहरा शतक (300 रन अविजित) लगाया। |
| • विराट कोहली | टेस्ट क्रिकेट में लगातार 4 सीरीज में चार दोहरे शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज है। उन्होंने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैण्ड, इंग्लैण्ड व बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में दोहरा शतक जड़ा। |
| • रविचन्द्रन अश्विन | सबसे तेज 250 विकेट लेने का विश्व रिकार्ड–आर. अश्विन का है। अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान मुशफिकुर रहीम का विकेट लेकर यह रिकार्ड पूरा किया। उन्होंने मात्र 45 टेस्ट मैच में यह रिकार्ड बनाया। |
| • विराट कोहली | क्रिकेट के तीनों प्रारूप (टेस्ट, वनडे व टी–20) के कप्तान के तौर पर अपना पहला मैच हारने वाले प्रथम भारतीय क्रिकेटर बने। |

*(Continued)*

| क्रिकेट खिलाड़ी | चर्चा का कारण |
|---|---|
| • विराट कोहली | ब्रिटिश वार्षिक खेल पत्रिका क्रिकेट की बाइबल के वर्ष 2017 के अंक के कवर पेजपर भारतीय कप्तान विराट कोहली को स्थान दिया है। ***नोट***—वर्ष 2014 में सचिन तेन्दुलकर को यह उपलब्धि हासिल हुई थी। विराट कोहली दूसरे भारतीय खिलाड़ी है जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। |
| • रविन्द्र जडेजा | 28 मार्च, 2017 को भारतीय स्पिनर और आलराउण्डर रविन्द्र जडेजा को आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला। यह पिछले 42 वर्षों में पहली बार हुआ। |
| • करूण नायर | अपने तीसरे टेस्ट मैंच (इंग्लैण्ड के खिलाफ) में अपना पहला शतक तिहरे शतक (303) के रूप में लगाया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबीज बने। |
| • आईसीसी टेस्ट क्रिकेट टीम रैंकिंग 2017 | 1. भारत, 2. दक्षिण अफ्रीका, 3. इंग्लैण्ड, 4. न्यूजीलैण्ड 5. आस्ट्रेलिया, 6. श्रीलंका। (27 दिसम्बर-2017 की स्थिति) |
| • रोहित शर्मा | 13 दिसम्बर, 2017 को मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरे शतक की हैट्रिक (2013 में 209 रन, 2014 मकं 264 रन एवं 2017 में 208 रन) पूरी की। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले खिलाड़ी हैं। अब तक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय किक्रेट में 7 बार दोहरे शतक लगे हैं, जिनमें से तीन रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज हैं। शेष 4 दोहरे शतक वीरेन्द्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैण्ड) के नाम हैं। |
| • आईसीसी का टेस्ट मैच: व टीम में भारतीय क्रिकेटरों को स्थान | **टेस्ट मैच**—विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, रविचन्द्र अश्विन<br>**ओपीआई मैच**—विराट, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह<br>***नोट*—टेस्ट व ओडीआईआईसीसी क्रिकेट टीम** के कप्तान के रूप में **विराट कोहली** का चुनाव हुआ है। इस टीम को घोषणा ने 18 जनवरी 2018 को ही। |
| • के.एल. राहुल | भारती क्रिकेट टीम के **T-20** फॉमेंट के खिलाड़ी के.एल.राहुल को विज्डन इंडिया (क्रिकेट की बाइबल) द्वारा सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के रूप में चयनित किया गया। |
